### देखरेख व रखरखाव के आभाव में दम तोड़ रहे गौवंश

# ग्रामीणों की शिकायत पर गौशाला पहुँचे विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

तहसील क्षेत्र उमरेठ की ग्राम पंचायत बीजकवाड़ा के ग्राम कचराम में स्थित गौशाला में ग्रामीणों की शिकायत पर क्षेत्रीय विधायक सोहनलाल बाल्मीक निरीक्षण करने पहुँचे । गौशाला में देखरेख व रखरखाव के आभाव में गौवंश लगातार दम तोड़ रहे है । गौशाला में करीब 100 गौवंश दर्ज होना बताया गया है । निरीक्षण के वक्त देखा गया , कि एक गाय व बछड़ा मृत अवस्था मे पाए गए । प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान तक 25 गौवंश की मृत्यु होना बताया गया हैं । ग्रामीणों का आरोप है , कि गौशाला में गौवंश को समय - समय पर चारा नही खिलाया जाता है व पानी नही दिया जाता है । मनरेगा के मजदूरों द्वारा गौशाला का संचालन किया जा रहा है । जिस कारण गौवंश की ठीक तरह से देखरेख नही हो पा रही है । जिस कारण लगातार गौवंश दम तोड़ रहे हैं । विधायक सोहनलाल बाल्मीक द्वारा जनपद सीईओ को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया । साथ ही गौशाला में हो रही अव्यवस्था पर सुधार कर व्यवस्थित संचालन किये जाने की मांग की है । साथ ही विधायक सोहनलाल बाल्मीक द्वारा परासिया विधानसभा अंतर्गत संचालित सभी गौशालाओं का निरीक्षण कर अव्यवस्थाओं का जायजा कर समस्त गौशाला का व्यवस्थित संचालन व्यवस्था बनाने की मांग की एवं वर्तमान में विधानसभा अंतर्गत आने वाली समस्त गौशालाओं में जिंदा व मृत गौवंश की जानकारी मांगी गई है ।

## सांइखेड़ा में हुआ योग दिवस पर कार्यक्रम



**सौंसर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जी.एच. रायसोनी विश्वविद्यालय, के द्वारा रेमंड इकाई बोरगाव के सहयोग से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. अरविंद बोधे योग को शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक स्वास्थ्य प्राप्ति का माध्यम बताते हुए, दैनिक जीवन में योग के समावेश से उत्पादकता में वृद्धि, तनाव में कमी तथा जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन लाने पर बल दिया। जे. के. शर्मा ने अपने प्रेरणादायी शब्दों में सभी प्रतिभागियों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह किया, हर्षल ताजने, ने योग पहल की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे ही स्वास्थ्य एवं सामाजिक सहभागिता से जुड़े आयोजनों के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान संस्था के डॉ. श्रीराम जोशी डॉ. मीना राजेश, सभी आयोजकों एवं सहभागियों को उनके समर्पण एवं स्वास्थ्य, कल्याण तथा उद्योग-संस्थान सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# युवा अनुसूचित जाति विभाग सौंसर की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

विधायक निवास में रविवार को जिला युवा अनुसूचित जाति विभाग की बैठक संपन्न हुई। बैठक में ग्वालियर उच्च न्यायालय में संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार प्रदेश स्तरीय संविधान सत्याग्रह के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा कर नव नियुक्त पदाधिकारीयों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए है। बैठक तो संबोधित करते हुए एससी सेल जिला प्रभारी डॉ राजेश सोमकुँवर ने कहा भाजपा सरकार के राज्य में निरंतर अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों पर अन्य अत्याचार के साथ ही बहुजन नायकों की प्रतिमाओं का साथ अपमान किया जा रहा है। जब देश के सुप्रीम कोर्ट में संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थापित हो सकती है तो ग्वालियर में क्यों नहीं हो सकती है। भाजपा के नेताओं के द्वारा जानबूझकर ग्वालियर हाईकोर्ट में संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थापित करने नही दि जा रही है।ग्वालियर ही नहीं तो संपूर्ण देश में न्यायालय में भारतीय संविधान के निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी की प्रतिमा की स्थापना होनी चाहिए, इसके लिए एससी सेल के द्वारा आगामी समय में कार्य योजना बनाकर मुहिम चलाई जाएगी। इस दौरान विधायक विजय चौरे, डॉ.राजेंद्र येमदे, विट्ठल गायकवाड,एससी युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुलशन गजभिए ,लेखराज डोंगरे,मनीष बागड़े अमोल रंगारे, रूपेश कड़बे,आकाश रंगारे,निलेश सोमकुवर आदि मौजूद रहे।

# कार्यकर्ता करें सरकार की योजनाओं का प्रचार और प्रसारः मोहोड़




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में शनिवार को सौसर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी मंडल अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक जिला भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष संदीप मोहड़ के प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुई है। बैठक के दौरान संगठन के माध्यम से आगामी समय में होने वाले कार्यक्रमों आदि के संबंधों में सिलसिलेवार चर्चा की गई है।बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड़ एडवोकेट हरीश बत्रा,संतोष जैन,राजेंद्र भक्ते,इंदरचंद डागा आदि थे,बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोहड ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा निरंतर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पंक्ति के अंतिम व्यक्ति का सर्वांगीण विकास कैसे हो सकता है इस देश को लेकर कार्य कर रहे हैं, सरकार की योजनाओ का आम जनमानस को लाभ मिल रहा है, भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी संगठन में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को जोड़ने के साथ में भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पात्र हितग्राहियों ग्रामीण युवाओं को मिले इसलिए सजक होकर कार्य करना चाहिए। नरेंद्र मोदी जी एवं भाजपा सरकार के द्वारा विगत 11 वर्षों में जो जन कल्याणकारी नीतियों के साथ दीन दुखियों के लिए योजनाएं बनाई है उन योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करना चाहिए।

# आदर्श ग्राम छाबड़ी में योग व्यायाम एवं ध्यान का कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

प्रसफूटन समिति एवं नवांकुर संस्था द्वारा आदर्श ग्राम छाबड़ी में योग व्यायाम एवं ध्यान का कार्यक्रम मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में जिला समन्वयक अखिलेश जैन ब्लॉक समन्वय संजय बामणे के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था स्वयं सामाजिक कल्याण एवं विकास समिति द्वारा आदर्श ग्राम छाबड़ी भुतहा में प्रस्फुटन समिति का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों को योग के बारे में जानकारी दी गई ।इस कार्यक्रम में उपस्थित नवांकुर संस्था की अध्यक्ष अर्चना माहोरे समिति कोषाध्यक्ष सोनम तमांग समिति सदस्य संगीता यदुवंशी प्रसफूटन समिति अध्यक्ष सविता सूर्यवंशी सीता सूर्यवंशी रूपल सूर्यवंशी सलोनी सूर्यवंशी कसक सूर्यवंशी प्रीति सूर्यवंशी खुशी सूर्यवंशी अरुण व सूर्यवंशी आदि लोग उपस्थित थे।

## शासकीय संस्थाओं में आयोजित हुआ योग

शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में विशिष्ट अतिथि योग गुरु डॉ प्रकाश अजवानी द्वारा महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को योग प्राणायाम कराया गया। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एके टांडेकर सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। नगर के शासकीय श्री नंदलाल सूद स्कूल, पंडित रविशंकर शुक्ल स्कूल, पतंजलि संस्थान द्वारा अलग-अलग स्थान पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें योग गुरु रोशन लाल साहू, मोनू चावला राजीव श्रीवास्तव, रितिका श्रीवास्तव चांदनी साहू सहित अन्य योग गुरुओं ने योग प्राणायाम कराया।

## दमुआ कांग्रेस ने मनाया पूर्व सांसद नकुलनाथ का जन्मदिवस



**दमुआ।** विधायक सुनील उइके की मौजूदगी में कांग्रेसियों ने केक काटकर पूर्व सांसद नकुलनाथ का जन्मदिन मनाया। शहर के इंदिरा तिराहे पर शनिवार दमुआ कांग्रेस और सभी अनुषांगिक संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने विधायक सुनील उइके की मौजूदगी में अपने नेता नकुलनाथ का जन्मदिवस जोरशोर के साथ मनाया । कांग्रेसियों ने इस खुशी के मौके पर जमकर आतिशबाजी कर काटा और मिष्ठान्न वितरण कर पूर्व सांसद नकुलनाथ के दीर्घ जीवन की कामना की । नकुलनाथ के जन्मदिवस वार्षिकी पर जुड़े कांग्रेस के चार वरिष्ठ जिला कार्यकारिणी पदाधिकारियों को इस आयोजन में सम्मानीत भी किया ।

# स्टाप डेम निरीक्षण के बाद अधिकारियों से विधायक ने की चर्चा

### टोंडिया नाले पर स्टॉपडैम बनने के बाद नहीं होगी पानी की कमी-विवेक पटेल स्टॉपडेम निर्माण कार्य का विधायक विवेक पटेल ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

वारासिवनी।



विधायक विवेक विक्की पटेल ने शहर के मोक्षधाम टोंडिया नाले के समीप लगभग 35 लाख रूपये की लागत से बन रहे स्टॉपडेम का एसडीएम राजीव रंजन पांडे और अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया। इस दौरान विधायक विवेक पटेल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य पूरी तरह से गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए, निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार का घटिया सामान का इस्तेमाल ना हो। शहर के लोगों की वर्षो पुरानी माँग मोक्षधाम के पास से बहने वाले टोंडिया नाले पर स्टॉपडैम बनने के बाद अब पानी की कमी नही होगी, स्टॉपडैम बनने के बाद नाले के समीप खेती करने वाले किसानों को भी पानी की कमी नहीं होगी। वर्षो से स्टॉपडैम बनाने की हो रही थी माँ विदित हो कि शहर के एकमात्र मुख्य मोक्षधाम के किनारे से बहनेवाले टोंडिया नाले पर बड़ा पुल बनने के बाद से छोटे पुल पर स्टॉपडैम बनाए जाने की माँग नागरिकों द्वारा की जा रही थी। लेकिन नागरिकों की माँग हर बार अनसुनी होते रही, लेकिन बीते चुनाव में वर्तमान विधायक विवेक पटेल ने

नागरिकों की वर्षो पुरानी इस माँग को अपनी प्राथमिकता में रखा था, जिसे उन्होंने पूर्ण कर दिया।गर्मी में मवेशियों को पीने के पानी की होती थी किल्लत मोक्षधाम के निकट से बहने वाले इस बरसाती नाले के पानी सेअंत्येष्टि के लिए आए लोगों द्वारा शव जलाने के बाद इसी नाले के पानी का उपयोग किया जाता हैं, तो मंगलवार बाजार दिवस के दिन बिकने के लिए आए हुए मवेशियों सहित शहर के मवेशी भी इसी नाले के पानी से अपनी प्यास बुझाते हैं। लेकिन गर्मी के मौसम में नाले में पानी के सूख जाने से लोगों सहित मवेशियों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। इन्ही परेशानियों के मद्देनजर नागरिकों द्वारा लगातार इस नाले पर स्टॉप डैम बनाने की लगातार माँग की जाती रही, ताकि गर्मी के मौसम में यहाँ पानी की किल्लत ना बने। लेकिन हर बार यह माँग जनप्रतिनिधियों द्वारा अनसुनी की जाती रही। लेकिन अब नवनिर्वाचित विधायक विवेक पटेल ने शहर की इस महत्वपूर्ण हितकारीसमस्या पर प्रमुखता से ध्यान दिया। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद अगली गर्मी में पानी की किल्लत से निजात मिल जाएंगी। नागरिकों ने विधायक पटेल का जताया आभार नाले पर स्टॉप डैम निर्माण की वर्षो पुरानी माँग पूरी होने पर नागरिकों ने विधायक विवेक पटेल का आभार व्यक्त किया हैं। वहीं विधायकपटेल ने कहा कि नागरिकों की वर्षो पुरानी माँग को प्राथमिकता के साथ पूराकिया जा रहा हैं। क्षेत्र में विकास का पहिया रूकेगा नहीं, निरंतर क्षेत्र में सरकार के सहयोग से विकास कार्य करवाए जाएंगे विकास के पहिए को हम रुकने नही देंगे।



# कृषि महाविद्यालय में मनाया गया योग दिवस

**वारासिवनी।** कृषि महाविद्यालय मुरझड फार्म वारासिवनी में 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रातः 7 बजे से अधिष्ठाता डॉ घनश्याम देशमुख के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में उत्साह और भागीदारी के साथ मनाया गया। योग शिक्षक डॉ सुनील कुमार रजक ने सत्र का नेतृत्व किया। जिसमें उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन करने के लिए मार्गदर्शन दिया सत्र में सूर्य नमस्कार, शीर्षासन, मयूरासन, चक्रासन और प्राणायाम, भस्त्रिका, कपालभाति और अनुलोम-विलोम कराए गए। जिसमें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी डॉ दीपक कुमार नामदेव एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रभारी डॉ शैलेंद्र ने कुशलता पूर्वक किया कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ प्रतिभा बिसेन, डॉ श्रद्धा कारचू, डॉ उत्तम बिसेन, डॉ सुरेंद्र राय, डॉ ऋषिकेश ठाकुर, डॉ रामकृष्ण सोलंकी और कमलेश्वर गौतम, श्रमिक बंधुओं के अलावा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए योगासनों में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ घनश्याम देशमुख ने योग के महत्व के बारे में अध्यापकों एवं विद्यार्थियों को जानकारी दी और कहा कि इससे प्रतिदिन अपनी दिनचर्या में शामिल अवश्य ही करना चाहिए।

# रेल्वे ओवर ब्रिज का विधायक विवेक पटेल ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

### रेल्वे पुल बनने के बाद अपने गंतव्य तक पहुंचने में लगेगा कम समय-विवेक पटेल





**वारासिवनी।** सडक़ एवं पुल पुलिया किसी क्षेत्र के लिए विकास की अहम कड़ीहोती है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहर का रास्ता भी खुलता हैं।पुल-पुलिया बनने से सबसे ज्यादा लाभ ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को होताहैं। इसी के तहत वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेलने शनिवार को वारासिवनी-बालाघाट मार्ग स्थित ग्राम वारा में बन रहेरेल्वे ओवर ब्रिज का अधिकारियों के साथ औचक निरीक्षण किया। उन्होंनेकच्छप गति से चल रहे निर्माण कार्य को देख कर संबंधित ठेकेदार को समय केपूर्व रेल्वे ओवर ब्रिज जल्द पूरा करने के साथ अधिकारियों को निर्देशितकिया कि आवागमन में राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहाहैं। जिसके चलते जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कराया जाये।15 करोड़ 8 लाख रूपये की लागत से हो रहा रेल्वे ओवर ब्रिज का निर्माण वारासिवनी-बालाघाट मार्ग स्थित ग्राम वारा के समीप बन रहे रेल्वे ओवर ब्रिज का निर्माण वैनगंगा कंट्रक्शन कम्पनी बालाघाट द्वारा किया जा रहा हैं। इस पुल की लम्बाई 458 मीटर हैं, जिसका निर्माण कार्य 23 मार्च 2024 को शुरू किया गया था और अक्टूबर 2025 तक पूर्ण करना हैं। मगर रेल्वे के कारण इस कार्य में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं, जिसके चलते यह पुल अब वर्ष 2026 बारिश के पूर्व बनकर तैयार हो जायेगा। वही रेल्वे के दोनों ओर लगभग 14 मकान अतिक्रमण की चपेट में आ गए हैं, जिन्हे रेल्वे द्वारा भुगतान भी हो चुका हैं।बारिश के पूर्व ऐप्रोज रोड बनकर हो तैयार विधायक विवेक पटेल ने अधिकारियो से कहा कि अब बच्चों के स्कूलप्रारम्भ हो चुके हैं, वहीं अब बारिश भी शुरू होने लगी हैं। कोई हादसा ना हो इसके पूर्व पुल के दोनों और एप्रोज रोड जल्द बनाई जाए, जिससे भविष्यमें कोई जनहानि ना हो। थाना प्रभारी हेमंत नायक को निर्देशित किया किस्कूल के समय और शाम को छुट्टी के समय इस स्थान पर पुलिस कर्मियों कीड्यूटी लगाए, जिससे यातायात बाधित ना हो। रेल्वे ओवर ब्रिज का पुल बनने के बाद महाराष्ट्र जाने में लगेगा कम समय-विवेक पटेल विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि ट्रेन आने के समय रेल्वे का फाटक बंद कर दिया जाता हैं। जिससे नागरिकों को वहाँ खड़े रहना पड़ता था।रेल्वे ओवर ब्रिज का पुल बनने के बाद विकास को एक नई दिशा मिलेगी, ग्रामीण क्षेत्रों के रहवासियों को सीधे वारासिवनी-बालाघाट और महाराष्ट्रजाने में आसानी होगी औऱ आने-जाने में समय की बचत होगी। शिक्षा, रोजगारऔर व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने मुझेआश्वस्त किया है कि वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र में विकास की गति को नहीं रोका जायेगा, हम सब मिलकर प्रदेश का विकास करेंगे। इस दौरान एसडीएम राजीव रंजन पांडे, एसडीओ अर्जुन सनोडिया, सब इंजीनियर राकेश कुम्भरे, ठेकेदार सिद्धार्थ जायसवाल, पटवारी शिवा पटले,विवेक जुझार, राजा अली, पवन बिसेन मौजूद रहे।

# अवैध मादक पदार्थ एम.डी. पाउडर के तस्कर को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता अवैध रूप से मादक पदार्थों का विक्रय करने वालों विरूद्व न केवल सख्त है, अपितु प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है जो ए.एस.पी सिवनी थी जी.डी. शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा पांडे सिवनी के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी किशोर वामनकर के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित कर अवैध मादक पदार्थ विक्रय करने वालों के विरूद्व लगातार कार्यवाही की जा रही हैं।

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



इसी क्रम में दिनांक 21/06/25 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि पालिटेक्निक ग्राउंड हास्टल के पीछे खण्डर के पास एक व्यक्ति अपनी स्कूटी में अवैध मादक पदार्थ एम.डी. पाउडर बेचने की फिराक में बडा है तथा ग्राहक का इंतजार कर रहा है जिसकी धरपकड हेतु तत्काल थाना स्तर पर टीम गठित कर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई जो लोनिया रोड भैरोगंज निवासी विशाल उर्फ काला विश्वकर्मा पिता रामकुमार विश्वकर्मा अपने पास एक प्लास्टिक की पन्नी में सफेद रंग का अवैध मादक पदार्थ एम.डी. पाउडर 3.99 ग्राम एवं नकदी 750 रूपये लिए मिलने पर आरोपी विशाल को मौके पर गिरफ्तार किया जाकर थाना कोतवाली में धारा 8/22 एन.डी.पी.एस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी विशाल के विरूद्ध थाना कोतवाली में पूर्व में एन.डी.पी.एस , जुआ, सट्टा के मामले पंजीबद्ध है।

**गिरफ्तार आरोपी :-** विशाल उर्फ काला पिता रामकुमार विश्वकर्मा निवासी ब्रम्हकुमारी आश्राम के पास लोनिया रोड भैरोगंज सिवनी कुल मसरूकाः-मादक पदार्थ 3.99 ग्राम कीमती करीबन 40,000 रूपये नकदी 750 रूपये, एक सुजुकी एक्सेस स्कूटी क्रमांक एम.पी 28 एस.एस 9111 कीमती करीबन 50,000 रूपये, एक एप्पल कंपनी का मोबाईल फोन कीमती करीबन 50,000 रूपये सराहनीय कार्यः थाना प्रभारी थी किशोर वामनकर, उनि डी. आर शरणागत, उनि राहुल काकोडिया, उनि देवेन्द्र उइके, सउनि रामअवतार डहेरिया, प्रआर योगेश राजपूत मनोज पाल, आरक्षक अमित रघुवंशी, विक्रम देशमुख, शिवम बघेल, प्रतीक बघेल, अजेन्द्र पाल, अंकित देशमुख, प्रदीप चौधरी, अजय धुर्वे, सुधीर डहेरिया, सिद्वार्थ दुबे, म.आर दीपाली बघेल ।

## पुलिस ने कांबिंग गश्त में 62 वारंटी को गिरफ्तार कर 50 निगरानी गुंडा बदमाश चेक किया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता (भा.पु.से.) के द्वारा दिनांक 21 व 22 जून 2025 की मध्य रात्रि में जिले के समस्त थाना /चौकी में वारंटियों तथा फरार अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु नाईट काम्बिंग ऑपरेशन आदेशित किये जाने पर आदेश के परिपालन में दिनॉक 22-06-25 की रात्रि 12 बजे से प्रातः 5 बजे तक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी जी डी शर्मा के नेतृत्व में समस्त थाना/चौकी प्रभारी शहर एवं देहात द्वारा हमराह स्टाफ के कॉम्बिग गस्त की गयी,जिसके सार्थक परिणाम निकले। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रभावी नाइट कांबिंग गश्त हेतु पुलिस बल को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रात्रि कांबिंग गश्त में सभी थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी सहित 119 का पुलिस बल कांबिंग गश्त में शामिल रहा। रात्रि कांबिंग गश्त के दौरान जिले में 16 स्थाई वारंट, 46 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए, इसके साथ ही 50 निगरानी बदमाश/गुंडा बदमाश/ सस्पेक्ट को चेक किया गया। इसके साथ ही होटल, ढाबा, लाज,धार्मिक स्थलों एवं 250 से अधिक संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई।

# 75% खरीफ बोवनी पूरी पर सरकार का प्लान अब तक गायब, अधर में अटके किसान

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मध्य प्रदेश में मानसून तो तय समय से एक दिन की देरी से आ गया पर खरीफ बोवनी की तैयारी करने में अफसर ही लेट हो गए। शुरुआत में ही अच्छी बारिश के बाद सिवनी सहित आधे प्रदेश में खेतों में किसानों ने बोवनी भी शुरू कर दी और राज्य का खरीफ प्लान तैयार नहीं हो पाया।

यह प्लान खरीफ बोवनी की रीढ़ है। इसमें न सिर्फ जरूरी संसाधनों का जिक्र होता है, बल्कि बोवनी से पहले किसानों तक कैसे खाद पहुंचे, इसका भी उल्लेख होता है। यह कृषि उत्पादन आयुक्त



(एपीसी) की देखरेख में बनता है। इसके लिए हर संभाग में बैठक कर उसके जिलों के किसानों की जरूरत और आवश्यक संसाधनों पर बात होती है। किसानों को संभावित समस्या को भी दूर करने का प्लान भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष तौर पर करना होता है। अभी 5 संभाग में खरीफ प्लान की बैठक बाकी हैं। किसान खाद और बीज के लिए परेशान हैं। खुले बाजार में सब है पर महंगे इस कदर हैं कि 4 किलो मक्का बीज 1100 रुपए का है। कृषि विभाग दावा है कि सहकारी और मार्कफेड केंद्रों पर पर्याप्त खाद-बीज हैं, पर किसानों की मानें तो यह बात पूरी तरह सच नहीं है।

### कृषि उत्पादन आयुक्त की बैठक जरूरी

किस जिले में रकबा कितना होगा, उस पर कितना खाद, बीज और अन्य जरूरत है।

कब उपलब्ध कराना होगा, किस जिले में किस फसल का रकबा बढ़ सकता है, उसके लिए बीज का इंतजाम कहां से कराएंगे।

किसी जिले में खाद-बीज की कालाबाजारी तो नहीं हो रही, यदि इस तरह की शिकायतें आ रही हैं तो कैसे निपटेंगे

संबंधित संभागों में आने वाले जिलों में किसानों की जरूरतें क्या हैं, उन्हें कैसे पूरा किया जा सकता है।

### जिले में 74.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

सिवनी 22 जून 25/ भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 1 जून से 22 जून 25 तक 74.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 जून तक विकासखंड सिवनी में 50 मि.मी, कुरई में 15.0 मि.मी., बरघाट में 8.4 मि.मी., केवलारी में 76.2 मि.मी., छपारा 56.0 मि.मी, लखनादौन में 87.6 मिमी, धनौरा में 95.0 मिमी एवं घंसौर में 211.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 599.2 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 22 जून तक कुल 571.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

# बिना व्यवसायिक पंजीयन के मंडी में ट्रैक्टर-ट्रॉली से ढो रहे अनाज, राजस्व का हो रहा नुकसान

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कृषि उपज मंडी में व्यापारियों का अनाज ढोने के लिए किराए पर ट्रैक्टर-ट्रॉली लगे हुए हैं, लेकिन इनका व्यवसायिक पंयन नहीं कराया जा रहा है। जबकि इसके आदेश एसडीएम कुछ दिनों पहले दे चुके हैं। इसके बाद भी कोई असर नहीं दिखा है। मंडी में करीब 30-40 ट्रैक्टर-ट्रॉली लगे हुए हैं, जिसमें से करीब तीन का ही व्यवसायिक पंयन है। इसके बाद भी मंडी का अनाज ढोया जा रहा है, जिससे राजस्व की हानि हो रही है। पिछले दिनों मंडी में कर्मचारी और व्यापारियों की बैठक के दौरान एसडीएम ने आदेश दिए थे कि मंडी में चल रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली का व्यवसायिक पंयन कराया जाए। ऐसा न करने पर सभी बाहर करने के लिए कहा था। इसके बाद भी अभी तक इसको लेकर किसी ने ध्यान नहीं दिया है। कुछ ट्रैक्टर तो ऐसे बताए



फाईल फोटो

जा रहे हैं, जिनका बीमा तक नहीं है। यदि सभी वाहनों की जांच हो जाए, तो हकीकत सामने आ जाएगी।

### शहर में बड़ी संख्या में चल रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली

मंडी के साथ-साथ शहर की सडक़ों पर भी बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉली का व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है, लेकिन फिर भी अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देते हैं।

हादसा होने पर नहीं मिला था क्लेम

कुछ वर्ष पूर्व ट्रैक्टर-ट्रॉली में अनाज ढोते समय एक हादसा हुआ था, जिसमें दो हम्माल और चालक की मौत हो गई थी। जांच में पता चला था कि ट्रैक्टर का व्यवसायिक पंयन और बीमा नहीं था, जिससे किसी भी मृतक को क्लेम नहीं मिल पाया था। मंडी में चल रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली से भी यदि कोई हादसा होता है, तो कृषि कार्य उपयोग के लिए पंकृत ट्रैक्टर का व्यवसायिक उपयोग करने पर बीमा कंपनी क्लेम भी नहीं देगी।

# पीतल की खनक अब मंद पड़ी, विलुप्त होती शिल्पकला स्वास्थ्य और पर्यावरणीय लाभ भी दरकिनार

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

आधुनिकता की दौड़ में हम न केवल अपने रीति-रिवाज, परंपराएं और जीवनशैली खोते जा रहे हैं, बल्कि वो पारंपरिक शिल्प भी गुम हो रही हैं, जो कभी हमारी सांस्कृतिक पहचान हुआ करती थीं। जिले की एक ऐसी ही शिल्पकला पीतल और तांबे के बर्तन बनाने की कला आज अंतिम सांसें गिन रही है। स्वास्थ्य लाभ और पर्यावरणीय दृष्टि से बेहद लाभकारी माने जाने वाले ये धातु बर्तन आज बाजारों से लगभग गायब हो गए हैं। कारण है सस्ते, आकर्षक लेकिन स्वास्थ्य और प्रकृति के लिए हानिकारक प्लास्टिक और स्टील के बर्तनों की आसान उपलब्धता।

### स्वास्थ्य लाभ को भी भुला रहे लोग

तांबे और पीतल से बने बर्तनों का उपयोग न केवल भारतीय परंपरा में गहराई से रचा-बसा था, बल्कि यह आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा के अनुसार स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी भी माना गया है। तांबे में पानी रखने से उसमें प्राकृतिक रोग प्रतिरोधक गुण आ जाते हैं, जिससे डायरिया, पीलिया, गैस, एसिडिटी, थायराइड और आर्थराइटिस जैसी बीमारियों से बचाव होता है। एंटी-ऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर यह धातु कैंसर से लडऩे की क्षमता को



फाईल फोटो

भी बढ़ाती है। बावजूद इसके लोग आज इन्हें पुराने जमाने की चीज़ समझ कर त्याग चुके हैं।

### कुछ लोग ही बचाए है शिल्पकला

हालांकि इस लुप्त होती कला को सिवनी में कुछ ताम्रकार परिवार अब भी बचाए हुए हैं।

### कला है, पर भविष्य नहीं

एक ताम्रकार ने बताया कि पिछले 22 वर्षों से पीतल के कलश तैयार कर रहे हैं। उनका कहना है, हम कलशों को ग्राहक की मांग के अनुसार 2 से 4 किलो वजन में बनाते हैं। एक कलश की कीमत 1400 से 3000 रुपए तक जाती है। पर अफसोस यह है कि अब यह काम सम्मान तो पाता है, लेकिन रोज़ी रोटी नहीं दे पाता। चंदन की चिंता जायज है। उन्होंने साफ कहा, अगर हमारे परिवार का कोई सदस्य इस पेशे को आगे नहीं बढ़ाता, तो हम भी इसे बंद कर देंगे। आखिर हर कला को जिंदा रखने के लिए समाज का सहयोग भी जरूरी होता है।

### दहेज और पूजा तक सीमित

आज पीतल और तांबे के बर्तनों का प्रयोग अधिकतर लोग सिर्फ शादी के दहेज में या धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित कर चुके हैं। दैनिक उपयोग में इन बर्तनों की कोई जगह नहीं बची है। बाजारों से जैसे-जैसे इनका अस्तित्व मिटता जा रहा है, वैसे-वैसे इन बर्तनों को बनाने वाले कारीगरों का भविष्य भी अंधकारमय होता जा रहा है।

### सरकार और समाज की भूमिका जरूरी

ऐसे में यह आवश्यक है कि राज्य और केंद्र सरकारें पारंपरिक कारीगरों को संरक्षण दें, उनकी कृतियों को बाज़ार दिलाएं और युवाओं को इस दिशा में प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाएं। साथ ही समाज को भी यह समझना होगा कि सस्ते विकल्पों की चकाचौंध में जो परंपराएं और सेहत खो रही हैं, उनकी कीमत आने वाली पीढ़ियों को चुकानी पड़ेगी। छतरपुर के ये कारीगर आज भी पीतल और तांबे की खनक को बचाए हुए हैं, लेकिन कब तक? ये सवाल हमारे सामाजिक और सांस्कृतिक जिम्मेदारियों पर गूंजता है। क्या हम समय रहते इस शिल्प को विलुप्त होने से बचा पाएंगे या फिर एक और परंपरा हमारी स्मृतियों में ही दफ्न होकर रह जाएगी?

# 70 वीं वर्षगांठ के अवसर में भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा सिवनी द्वारा किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन

**भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा सिवनी द्वारा 70 वीं वर्षगांठ के अवसर में रविवार 21 जून को रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर द्वारा की गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बैंक स्टाफ से मुख्य प्रबंधक श्री श्रीकांत कलसुले, लीड बैंक प्रबंधक श्री प्रवीण कुमार दिसोरिया, प्रबंधक सीएसी श्री सुरेश सिंह, श्रीमती माधुरी गभने, श्रीमती कीर्ती माथुर, कु चित्रा आदि स्टाफ , पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक श्री गोविंद पटेल, उपप्रबंधक श्री मुकेश इनवाती एवं स्थानीय जनसमुदाय के योगदान से कुल 38 यूनिट का संग्रहण किया गया।बैंक द्वारा प्रत्येक प्रतिभागी को फल, फ्रूट जूस एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया।

# केवलारी पुलिस के द्वारा बैटरी चोरी करते आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता एवं अति. पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा सिवनी के मार्गदशर्न में अनु० अधिकारी पुलिस आशीष भराड़े केवलारी के निर्देशन में थाना प्रभारी एस. एस. रामटेक्कर के नेतृत्व में केवलारी पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ट्रैक्टर की बैटरी चोरी करने वाली गिरोह को पकड़ने में बड़ी सफलता प्राप्त की है।

केवलारी थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सिरोली में ट्रेक्टर की बैटरी चोरी करने वाले गिरोह को थाना केवलारी पुलिस द्वारा ग्रामीणो की मदद से एक वयस्क आरोपी एंव अन्य 04 नाबालिक की गिफ्तार किया गया आरोपीयों द्वारा दिनांक 21.06.25 की दरमियानी रात में ग्राम सिरोली के रामकुमार चंदेला, सुनिल सरेयाम एंव जीतसिंह सरेयाम के ट्रेक्टसे से बैटरी चोरी की गई थी। जिस पर थाना में धारा 319/25 धारा 303(2), 112(2) बी.एन.एस. के तहत मामला कायम किया गया विवेचना कर आरोपी अलताफ एंव अन्य चार नाबालिम के कब्जे से चोरी की गई बैटरियां तथा बैटरी खोलने के उपकरण जप्त किया। एंव आरोपी को गिरफ्तार कर मान. न्यायालय पेश किया गया।

# कोतवाली पुलिस की अलग-अलग स्थानों पर पुनः रेड कार्रवाई, 8 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता जुआ-सट्टा एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त है। समय- समय पर कोतवाली पुलिस द्वारा जुआ-सट्टा रेड़ कार्रवाई की जाती रही हैं ।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

एएसपी गुरुदत्त शर्मा एवं सीएसपी पूजा पांडे के मार्गदर्शन में दिनांक 21/06/2025 को कोतवाली पुलिस द्वारा जुआरियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए मंगलीपेठ के ललमटिया एवं टपरा मोहल्ला के पास 08 जुआरियों को धर दबोचा।

दिनांक 21/06/2025 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मंगलीपेठ के टपरा मोहल्ला एवं ललमटिया के पास कुछ लोग तांस के पत्तों पर रुपये-पैसे का दाव लगाकर हार जीत का खेल खेल रहे हैं जो थाना प्रभारी कोतवाली किशोर वामनकर द्वारा अलग-अलग टीम गठित कर अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी कर दबिश देकर रेड़ कार्यवाही की गई। जिसमें 08 जुआरियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई। जिनके विरुध्द 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 02 अपराध कायम कर विवेचना में लिया। जुआरी मे 01. हिमांशु कुल्हाडे पिता संतोष कुल्हाड़े उम्र 18 वर्ष निवासी साकार सिटी सिवनी। 02. मयूर सेन पिता राजू सेन उम्र 23 वर्ष निवासी साकार सिटी सिवनी। 03. शुभम बघेल पिता बबलू बघेल उम्र 23 वर्ष निवासी साकार सिटी सिवनी। 04. अरूण यादव पिता दुर्गाप्रसाद यादव उम्र 23 वर्ष निवासी मंगलीपेठ सिवनी। 05. जितेन्द्र बघेल पिता राम बघेल उम्र 28 वर्ष निवासी ललमटिया सिवनी। 06. राजेन्द्र कश्यप पिता किशन कश्यप उम्र 30 साल निवासी ललमटिया सिवनी। 07. राहुल पिता सुखराम कश्यप उम्र 19 वर्ष निवासी ललमटिया सिवनी। 08. मोहित बंदेवार पिता संतोष बंदेवार उम्र 22 वर्ष निवासी मंगलीपेठ सिवनी।

उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली किशोर वामनकर, उनि जयशंकर उइके, उनि दयाराम शरणागत, प्र.आर. मनोज पाल, सुधीर, अजेन्द्र, नन्दकिशोर, रत्नेश, रविन्द्र, इरफान की विशेष भूमिका रहीं।

## नगर वन काचना में मनाया गया योग दिवस

# वन परिक्षेत्र बरघाट रेंज के कर्मचारी अधिकारी हुए शामिल, किया गया वृक्षारोपण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** वन परिक्षेत्र बरघाट के अंतर्गत आने वाले नगर वन काचना में वन परिक्षेत्र बरघाट के कर्मचारी अधिकारी द्वारा योग दिवस पर योग किया गया इस कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र बरघाट अधिकारी



पीयूष गौतम, डीप्ति रेंजर मोहम्मद नाजिम खान, राजेश कुमार बेलवंशी, हेमचंद इनवाती,पवन मर्सकोले शिव शंकर ठाकरे,अरविंद सरराठी,सौरभ नरेती,ईश्वरी प्रसाद उइके, स्थाई वनकर्मी बैगा, वरकडे, परमानद पटले, हीरा खैरवार,वन रक्षा श्रमिकों ने भी विशेष सहयोग दिया इस कार्यक्रम में युवा समाज सेवी तोप सिंह यादव,पत्रकार अरविंद वासनिक कार्यक्रम में उपस्थित हुए योग कार्यक्रम के बाद नगर वन काचना में वृक्षारोपण किया गया जिसमें वन समिति अध्यक्ष रामानंद गौतम संजू वरमैया अशोक गडेवाल, उमा चौहान एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि समाजसेवी की भूमिका रही,, गौरतलब है की पर्यटक की दृष्टि से इस वन परिक्षेत्र में प्राकृतिक स्थान एवं धार्मिक स्थान है, यहां बाबा फरीद की मजार, एवं बौद्ध अनुआयु के लिए पाषाण बौद्ध प्रतिमा स्थित है, यहां प्रतिवर्ष बौद्ध धर्मगुरु ध्यान साधना वदना करने आते हैं, यहां एक पहाड़ी पर शारदा मंदिर, एवं दूसरी पहाड़ी पर महादेव गुफा है, काचना मंडी जलाशय इस परिक्षेत्र को चार चांद लगा देता हैं इस वजह से यहां पर पर्यटक खींचे चले आते हैं, नगर वन बनने से इस क्षेत्र में पर्यटकों को की और बढ़ोतरी होगी।

## इधर, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीरलेंस में हुआ 11वां अंतर्राराष्ट्री योग दिवस का हुआ आयोजन



सिवनी मध्य प्रदेश शासन, उच्ची शिक्षा विभाग भोपाल एवं आयुष मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशन में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलिंस सिवनी में 21 जून को प्रातः 06:00 बजे से अंतर्राराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने बताया कि हम अपने 11वें अंतर्राष्ट्री य योग दिवस को मना रहे है, यह हम सभी के लिये बड़े गौरव की बात है एवं योग को हमे अपने जीवनचर्या में उतारकर स्वतथ्य. रहने का संदेश दिया । इस आयोजन में निर्देशों के परिपालन में योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत योगासन व प्राणायाम एवं ध्यायन किये गये। कार्यक्रम के प्रारंभ में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश को सभी ने सुना, तदोपरांत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा दिये गये अपने संदेश को सुनकर उपस्थित छात्र-छात्राऐं प्रफुल्लित हुये। इस आयोजन के संयोजक डॉ. पवन कुमार वासनिक ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित महाविद्यालयीन परिवार के सभी सदस्योंय से अपील की कि अंतर्राष्ट्री य योग दिवस में योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत ''योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ'' थीम का परिपालन किया जाना है।

इसके अंतर्गत हम सभी स्वययं योग से जुड़े एवं अपने परिवारजन व आस-पड़ोस के लोगों को भी योग से जोड़कर एक स्व्थ्यव समाज व स्वरथ्य देश का निर्माण करने की बात कही। इस आयोजन में महाविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी के.सी. राउर के द्वारा योग आसन क्रियाऐं कराई गई एवं रेडियो के माध्येम से प्राप्त निर्देशों का पालन करते हुये उपस्थित छात्र-छात्राओं को योग प्रोटोकॉल का पालन कराते हुये योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक विकास के महत्वप को बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ् प्राध्य पाक डॉ. ज्योत्सईना नावकर, डॉ. सविता मसीह, डॉ मानसिंह बघेल, डॉ. मुन्न्ालाल चौधरी, डॉ. राधेश्यानम डहेरिया, एनएसएस अधिकारी प्रो. गनेश मंतारे , ग्रंथपाल सी.एल. अहिरवार सहित महाविद्यालयीन अधिकारियों/कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## सुभाष वार्ड उपचुनाव में भाजपा ने निधि दुबे को बनाया अधिकृत प्रत्याशी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 21 जून 2025 नगर पालिका परिषद सिवनी के वार्ड क्रमांक 11 – सुभाष वार्ड के उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने श्रीमती निधि विवेक मोंटू दुबे को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। इस संबंध में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णु दत्त शर्मा के निर्देशानुसार जिला भाजपा अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन द्वारा शनिवार को श्रीमती दुबे के नाम की घोषणा की गई। भाजपा संगठन को वार्ड उपचुनाव हेतु कई आवेदन प्राप्त हुए थे, जिन्हें प्रदेश भाजपा कार्यालय भेजकर विचार किया गया। सभी पहलुओं पर विचार के बाद श्रीमती निधि दुबे के नाम पर अंतिम मुहर लगाई गई। घोषणा के साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने प्रत्याशी को शुभकामनाएं देते हुए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी प्रत्याशी को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने का आह्वान किया। वार्ड के कार्यकर्ताओं ने भी संकल्प लिया कि वे भाजपा की विजय सुनिश्चित करेंगे।

# सुभाष वार्ड पार्षद चुनावः कांग्रेस पार्टी से घोषित हुई प्रत्याशी श्रीमती आरती पियूष शाह

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सुभाष वार्ड पार्षद चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी से घोषित प्रत्याशी श्रीमती आरती पियूष शाह ने चुनाव नामांकन फार्म भरने को लेकर बैठक की जिसमें सुभाष वार्ड के कांग्रेस जन एवं अनेक गणमान्य नागरिको ने हिस्सा लिया, सभी ने एक स्वर में श्रीमती आरती पियूष शाह को सुभाष वार्ड से भारी मतो से विजयी बनाने के लिए संकल्प लिया। श्रीमती शाह सामाजिक एवं धार्मिक कार्यो में हमेशा बढ़चढ़कर हिस्सा लेती है पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. रमनलाल शाह की पौत्र वधु, डॉ. प्रकाश शाह की पुत्र वधु है। प्रेस को जानकारी देते हुए दादू निखिलेन्द्रनाथ सिंह गट्टू दादू ने बताया कि श्रीमती आरती शाह द्वारा दिनांक 23 जून 2025 दिन सोमवार को सुबह 10 बजे श्वेताम्बर जैन मंदिर के सामने एकत्र होकर रैली के रूप में सुभाष वार्ड का भ्रमण किया जाएगा , तत्पश्चात जिला निर्वाचन कार्यालय पंहुचकर नामांकन फार्म जमा किया जाएगा।

दादू निखिलेन्द्रनाथ सिंह ने बताया कि बैठक में पूर्व पार्षद श्रीमती संगीता योगेन्द्र सोनी, श्रीमती मोना सोनी सक्सेना, श्रीमती मनीषा सिंह,,श्रीमती अर्चना त्रिवेदी, श्रीमती प्रतिमा मालू, श्रीमती संयोगिता जैन, श्रीमती पूर्णिमा यादव, श्रीमती प्रकृति भिडे, रामकुमार कुल्हाड़ा, अशोक चौबे, योगेन्द्र सोनी, पंकज मालू, ऋषिकांत त्रिवेदी, योगेश भिडे, चंद्रेश जैन, प्रमोद यादव, एड़ अवि यादव, विनोद नामदेव, सुमित मिश्रा, देवधर सक्सेना, साकेत नेमा, उमंग शर्मा,, अजय सोनी, जयप्रकाश परिहार, मनीष अग्रवाल उपस्थित रहें।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना, संगठनमंत्री पंकज शर्मा, अतुलचंद मालू ने नगर के समस्त कांग्रेस जन से नामांकन रैली में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

# प्रदेश सरकार ने भ्रष्टाचार की धाराओं पर रोक लगाकर जांच एजेंसियो को बनाया पंगु : किशोर समरिते

### जिले और प्रदेश से ख़त्म हो रहा क़ानून का राज, पूर्व विधायक ने लगाए आरोप, खडे किए सवाल

### सवालों के जवाब के लिए मुख्यमंत्री के नाम जारी किया पत्र

लांजी।

संयुक्त राष्ट्र क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लांजी किन्नापुर क्षेत्र के पूर्व विधायक किशोर समरिते ने जिले ओर प्रदेश से खत्म हों रहे कानून राज पर मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर जवाब मांगा है। अपने पत्र में श्री समरिते ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव जी बालाघाट जिले में कानून का राज नहीं होने पर बालाघाट जिले की जनता को जवाब दीजिये । उन्होंने पत्र में लिखा है कि मुख्यमंत्री जी संविधान के अनुच्छेद 164 के तहत आपने संविधान की शपथ लेकर मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सम्हाली किंतु बालाघाट में संविधान एवं कानून का राज क्यों नहीं है? तथा मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री होने के अतिरिक्त वन एवं गृह विभाग भी आपके ही पास है। आपके वन विभाग में बालाघाट में जारी भ्रष्टाचार की जिम्मेदारी किसकी है? उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल करते हुए पूछा कि आपने भ्रष्टाचार अधिनियम 1988 की धारा 17ए एवं 18ए पर रोक लगाकर बिना शासन की अनुमति के भ्रष्टाचार के विरूद्ध जांच करने वाली केन्द्र एवं राज्य की सभी एजेंसियों को निकम्मा बना दिया फिर भ्रष्टाचार पर रोक कौन लगायेगा? बालाघाट के दक्षिण वनमण्डल सामान्य बालाघाट से वनमण्डलाधिकारी द्वारा 10 से अधिक बिल्डिंग वन परिक्षेत्राधिकारियों द्वारा बनायी गयी सभी घटिया निर्माण है। जाँच कौन करेगा? भारत सरकार की पी.एम. जन मन योजना (पी.व्ही.टी.जी.) योजना के अंतर्गत बैगाओं के 600 से अधिक आवास बिना बने ही राशि आहरण कर ली गयी। मामले की जाँच कौन करेगा? उत्तर वन मण्डल सामान्य बालाघाट के उकवा वनमण्डल में लामता वन परिक्षेत्र के धुनाड़ी बीट में वृक्षारोपण के लिये 10 हजार गढ़्ढों के स्थान पर 4 हजार गढ़्ढे खोदकर राशि आहरण कर ली गयी। मामले की जाँच कौन करेगा? दक्षिण वन मण्डल सामान्य बालाघाट के वनमण्डलाधिकारी द्वारा पश्चिम वन परिक्षेत्र सामान्य लांजी के परिक्षेत्राधिकारी से सुखराम नेवारे के नाम सर्च वारंट से शिवलाल एवं हुलासराम नारनौरे के घर की तलाशी करवा दी। इस मामले की जाँच कौन करेगा? दक्षिण वनमण्डल सामान्य बालाघाट के वनमण्डलाधिकारी द्वारा शिकार किये गये वन्य प्राणी सुअर की डेड ब्वाडी बिना पी.एम. के जलवा दी। अप्रैल 2025 की घटना है। यह गंभीर मामला है। जांच कब होगी। यह कार्यवाही पश्चिम वन परिक्षेत्र लांजी में की गई है। दक्षिण वन मण्डल सामान्य के पश्चिम वन परिक्षेत्र लांजी सामान्य में बैगा विकास के नाम कट्टीपार वृत्त एवं रिसेवाड़ा वृत्त में 24-25 लाख की 11 सड़कों का निर्माण मटेरियल सप्लाई के फर्जी बिलों को लगाकर जंगल की गिट्टी मुरूम एवं मिट्टी से करवा दिया एवं 11 सड़कों में 2.50 करोड़ का फर्जी आहरण किया गया। इस मामले की जांच कौन करेगा? सभी एम.बी. में डाटा फर्जी हैं। उत्तर वन मण्डल सामान्य के बैहर पूर्व, बैहर पश्चिम, बिरसा रेंज एवं गढी रेंज में 100 से अधिक तकनीकी स्वीकृतियों पर बिना कार्य करवाये राशि आहरण कर ली तथा सड़क एवं पुलियों का निर्माण कर दिया गया। मामले की जांच कौन करेगा? बालाघाट जिले में म.प्र. शासन के प्रभारी मंत्री के बिना अनुमोदन के वनमण्डलाधिकारी स्थानान्तरण कर रहे हैं। इस मामले में नेहा श्रीवास्तव वनमण्डलाधिकारी को बचाया जा रहा है। आपकी सरकार कब तक कार्यवाही करेगी? बालाघाट में आप 5 बार से अधिक आये किंतु आपने अपने अधिनस्थ वन विभाग एवं खनिज विभाग के अधिकारियों की बैठक नहीं ली? श्री समरिते ने पत्र के आखिर में मुख्यमंत्री से कहा कि आप मेरे प्रश्नों का उत्तर ना सही मामले में जांच करवाकर दोषियों को दण्डित कीजिये, यही आपका जवाब होगा।

## खबर संक्षेप

### किसानों को कृषि यंत्रों पर मिलेगा अनुदान, विभागीय पोर्टल पर किये जा सकते है आवेदन

**बालाघाट** संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी भोपाल द्वारा ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर मल्टीक्रॉप प्लांटर, स्ट्रॉ रीपर, हैप्पीसीडर, सुपर सीडर एवं स्वचालित टूल बार राइडऑन टाइप यंत्रों के आवेदन विभाग की वेबसाइट पर 18 जून से आमंत्रित किये जा चुके हैं। कृषि विभाग से प्राप्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी द्वारा जिले में प्राप्त आवेदनों के आधार पर लक्ष्य निर्धारण किया जाएगा एवं पृथक से लॉटरी की सूचना विभागीय पोर्टल पर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदन प्रक्रिया के लिए आवेदन के साथ कृषक स्वयं के बैंक खाते से मल्टीक्रॉप, स्ट्रॉ रोपर, स्वचालित टूलबार-राइडऑन टाइप, हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, ग्राउंडनट डिकॉर्टिकेटर (मूंगफली छीलक) शक्ति चलित यंत्रों के लिए निर्धारित राशि का डिमांड ड्रॉफ्ट जिले के सहायक कृषि यंत्री बालाघाट के नाम से बनवाकर जमा करना अनिवार्य होगा। वहीं धरोहर राशि की जानकारी सहायक कृषि यंत्री बालाघाट कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका की भर्ती 4 जुलाई तक जमा होंगे आवेदन




**कटंगी।** एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग विकासखंड कटंगी द्वारा संचालित कुल 16 आंगनवाड़ी केंन्द्रों में अस्थाई और मानदेय आधारित मानसेवी रिक्त पदों की भर्ती की जानी है. परियोजना अधिकारी पुष्पेन्द्र रानाड़े ने रविवार को प्रेस नोट जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि 02 आंगनवाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ता और 14 में सहायिकाओं की भर्ती होनी है. जिसके लिए आगामी 04 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन जमा किये जा सकते है. आवेदक की शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास और वह उसी ग्राम पंचायत या नगरीय वार्ड की मूल निवासी महिला होनी चाहिए. इसके अलावा 01 जनवरी 2025 के अनुसार आवेदक की उम्र 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए. परियोजना अधिकारी ने बताया कि टेकाड़ी (भ) और जामरापानी में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की भर्ती होनी है. बिछवा, सुकली, कछार, उजाड़बोपली, टेकाड़ी (म.), भजियापार रंगाटोला, नंदोरा बस्ती, देवथाना केंद्र क्रमांक 01, जराहमोहगांव केंद्र क्रमांक 02, हथोड़ा केंद्र क्रमांक 01, सुंदर केंद्र क्रमांक 02, झंझागी, महकेपार केंद्र क्रमांक 04, कोसुंबा केंद्र क्रमांक 02 में सहायिका पद के लिए भर्ती होनी है. परियोजना अधिकारी ने बताया कि जिन आंगनवाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों की पूर्ति के लिए विज्ञप्ति जारी की जा रही है उनके संबंध में यदि कलेक्टर, अपर कलेक्टर, संभाग आयुक्त, अपर आयुक्त के न्यायालय या माननीय उच्च न्यायालय में किसी प्रकार का कोई वाद प्रचलित है या भर्ती प्रक्रिया के दौरान कोई वाद निर्मित होता है तो माननीय न्यायालय का निर्णय अंतिम होगा. यानी चयन और नियुक्ति माननीय न्यायालय के अधीन होगी.

### कंजई में पांच दिनों से ग्रामीणों को नहीं मिल रहा शुद्ध पेयजल. मचा हाहाकार

**हरिभूमि न्यूज़ लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से 11 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम कंजई में बीते 5 दिनों से ग्रामीणों को पेयजल नसीब नहीं हो रहा है नल चालक को फोन लगाओ तो बताया जाता है कि प्लांट में साफ सफाई चल रही है अधिकारियों को फोन लगाओ तो फोन लगता नहीं आखिर यह कैसी व्यवस्था है जो आमजन को शुद्ध पेयजल के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।



# पीएम जनमन व धरती आबा अभियान अंतर्गत शिविरों का क्रियान्वयन निरंतर जारी

### शनिवार को आयोजित शिविर में 101 आधार कार्ड, 90 आयुष्मान व 13 के केसीसी बनाये गए

बालाघाट

जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने तथा शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री जनजाति न्याय अभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत 15 जून से 30 जून तक जिले में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को आयोजित शिविरो में 101 के आधार कार्ड, 90 के आयुष्मान कार्ड, 55 के जाति प्रमाण पत्र, 8 के मूल निवासी, 14 के किसान सम्मान निधि और 13 के केसीसी कॉर्ड बनाये गए है।

# विधायक के आश्वासन पर नप उपाध्यक्ष ने समाप्त किया अनिश्चतकालीन धरना

### नगर परिषद लांजी में दो जुलाई को होगी निर्माण कार्यों की समीक्षा

लांजी।

नगर परिषद लांजी परिसर में अपनी जायज मांगों को लेकर अनिश्चतकालीन धरना पर बैठे उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर ने रविवार को लांजी-किरनापुर विधायक राजकुमार कर्राहे से मिले आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया हैं। इससे नगर के लोगों में विकास कार्यों को लेकर आस जागी है। नगर परिषद में पूरे 15 वार्ड है, इन वार्डों में अनेक जगह निर्माण कार्य चल रहे है, उसमें गुणवत्ताहीन देखने को मिल रही है। साथ ही कुछ कार्यों के भूमिपूजन होने के बाद भी कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं किए गए है। ऐसे में वार्डवासियों की नाराजगी से परेशान होकर नप उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर ने निर्माण कार्य की जानकारी उपयंत्री अमित नगपुरे से मांगी। पत्र भी लिखा गया था, परंतु उन्हें उपयंत्री से कोई जवाब नहीं मिल रहा था। जिसके चलते उपाध्यक्ष ने 18 जून से नगर परिषद परिसर में अनिश्चिकालीन धरना पर बैठ गए थे। धरने के पांचवें दिन विधायक राजकुमार कर्राहे, नप के सभी पार्षदगण, अधिकारी कर्मचारियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर उपाध्यक्ष की समस्या सुनकर जल्द ही निराकरण करने आश्वस्त किया। धरने पर बैठे उपाध्यक्ष को समर्थन दे रहे अन्य पार्षदों ने भी विधायक के सामने अपनी समस्याएं रखी।

### निर्माण कार्यों पर निगरानी रखी जाएगी- राजकुमार कर्राहे

विधायक राजकुमार कर्राहे कहा कि नप उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर समस्या को लेकर अनिश्चतकालीन धरने पर बैठे थे। नगर परिषद के निर्माण कार्य चल रहे है, जिनमें गुणवत्ता की कमी होना सामने आ रहा है। इसके अलावा भूमिपूजन लंबे समय से किए गए है। ऐसे काम क्यों ठेकेदारों ने चालू नहीं कराए है। निर्माण कार्यों पर निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए आगामी दो जुलाई को नगर परिषद लांजी में समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। जिसमें निर्माण कार्यों की समीक्षा करेंगे।

### समीक्षा बैठक में हो जाएगा समस्याओं का निराकरणः अमित नगपुरे

नप उपयंत्री अमित नगपुरे ने बताया कि दो जुलाई को समस्त निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक होना है। बैठक में सभी जनप्रतिनिधि, ठेकेदारों को बुलाएंगे। जो निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन हो रहे है, उसके संबंध में ठेकेदार से बात होगी। यदि सुधार नहीं होता है तो पेनाल्टी व 10 प्रतिशत बिल से राशि काटने की कार्रवाई की जाएगी। भूमिपूजन के बाद जो कार्य चालू नहीं हो पाए है उसकी भी समीक्षा करेंगे। साथ ही उनकी भी समस्या सुनी जाएगी।

### विधायक जी के भरोसे पर किया है धरना समाप्तः संदीप रामटेक्कर

वहीं धरना प्रदर्शन कर रहे नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप रामटैक्कर ने कहा की आज माननीय विधायक महोदय मेरे द्वारा पिछले 5 दिनों से किये जा रहे धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे और समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिये आश्वस्त किया है। उनके भरोसा दिलाये जाने के बाद मेरे द्वारा धरना प्रदर्शन समाप्त किया जा रहा और मेरी यह भी मांग है की नगर में चल रहे विकास कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा पर पूर्ण किये जाएं ताकि नगर की जनता को हम जवाब दे सकें और वे हमारे कार्य एवं व्यवहार से संतुष्ट हो सके।

# आदिवासी गोवारी समाज संगठन ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित




कटंगी।

समाज के छात्र-छात्राओं का मनोबल और उत्साह बढ़ाने के लिए आदिवासी गोंड गोवारी समाज संगठन ने प्रतिभा सम्मान समारोह और एक दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन कर स्वजातीय प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया. रविवार को सिवनी रोड़ स्थित आदिवासी गोंड गोवारी समाज संगठन सामुदायिक भवन में यह आयोजन हुआ. भंडारा जिले से पहुंचे रत्नेश कोरू, नागपुर के संजय वाघाड़े, अधिवक्ता मनीष वाघाड़े, मोहित सरवरे, अधिवक्ता आरती मानकर, लक्ष्मी गाते, विकास गुज्जर, राहुल नेवारे, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक कारसर्पे, संरक्षक गोविंद सेन्दरे, नरेन्द्र नेवारे, कृष्ण कुमार मुर्खे, हेमंत कौरे सहित अन्य अतिथियों की प्रमुख उपस्थिति में समाज के उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में शानदार अंक अर्जित कर सफलता प्राप्त की और अब भविष्य में नए विषय के साथ अपनी आगे की पढ़ाई पूरा करना चाहते है और पढ़ाई पूरी करने के बाद अलग-अलग क्षेत्र की शासकीय और गैरशासकीय सेवाओं में जाकर समाज और देश की सेवा करने की इच्छा रखते है. अतिथियों ने इस प्रयास की सराहना करते आयोजकों को बधाई दी और कहा कि ऐसे आयोजन से न केवल विद्यार्थियों को प्रेरणा मिलती है, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश भी जाता है. जब छात्रों को उनकी मेहनत के लिए सम्मानित किया जाता है, तो यह उनके आत्मविश्वास को बढ़ाता है और उन्हें आगे और बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है. इस कार्यक्रम में शहर से लेकर गांव के विद्यार्थी शामिल हुए. जिन्हें सम्मान मिला वह औरों के लिए प्रेरणा बनेगे और उन्हें देखकर समाज के अन्य छात्र-छात्राएं भी कड़ी मेहनत कर बेहतर मुकाम हासिल करने की कोशिश करेगें. कार्यक्रम में शामिल अधिवक्ता, शिक्षक और अन्य शासकीय विभागों में सेवाएं दे रहे गोवारी समाज के लोगों ने छात्र-छात्राओं को 12वीं के बाद किसी भी क्षेत्र में किस तरह से अपना करियर बनाया जा सकता है. इस पर काफी विस्तार से जानकारी दी और अपने-अपने अनुभव साझा किए. शिक्षक नरेन्द्र नेवारे ने समाज के कई उदाहरण पेश किए जिन्होंने आर्थिक अक्षमता के बीच अपनी पढ़ाई पूरी की और अच्छा मुकाम हासिल किया. उन्होंने कहा कि आज हर घर में मोबाइल है हम इसका उपयोग ठीक उसी प्रकार से कर सकते है जैसे एकलव्य ने गुरु द्रोणाचार्य का किया था. अधिवक्ता आरती मानकर ने कहा कि पहले समाज में महिलाओं को पढ़ाई के लिए वह स्थान नहीं मिल पाता था जिसकी महिलाएं हकदार थी. हमें उन महापुरुषों को सदैव याद करना चाहिए जिनकी बदौलत आज महिलाएं शिक्षा ग्रहण कर पा रही है. उन्होंने सती प्रथा का अंत करने वाले राजा राममोहन राय, महिलाओं के लिए पहला स्कूल खोलने वाली माता सावित्री बाई फुले, महात्मा ज्योतिबा फुले, फातिमा शेख और संविधान शिल्पकार डॉ बाबा साहब अंबेडकर को याद करते हुए महिलाओं की शिक्षा और उनके अधिकारों के लिए इन महापुरुषों के द्वारा किए गए प्रयासों का बखान किया. उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ हमें अपने भीतर कला-कौशल भी लाना होगा. इसी प्रकार अन्य वक्ताओं ने भी छात्र-छात्राओं को कैरियर मार्गदर्शन के जरिए बेहतर भविष्य, बेहतर इंसान कैसे बना जा सकता है और कैसे एक नौकरी पाई जा सकती है इसकी जानकारी दी.



# बालाघाट डीपीआरओ श्री वास्कले हुए रिलीव, श्री पटले तीसरी बार होंगे जिला प्रभारी



बालाघाट

बालाघाट जिला जनसम्पर्क अधिकारी श्री पुष्पेन्द्र वास्कले रविवार को सम्भागीय जनसम्पर्क कार्यालय इंदौर के लिए रिलीव हो गए है। अब बालाघाट जिला प्रभारी श्री अनिल पटले होंगे। डीपीआरओ श्री वास्कले का कार्यकाल 21 माह का रहा। श्री वास्कले ने इस दौरान शासन के विकास कार्यो के प्रचार-प्रसार कार्यो को नए रूप में प्रस्तुत किया। साथ ही प्रशासनिक रूप से कार्यालयीन व्यवस्थाओं को सुचारू रूप देने के प्रयास किये।ज्ञात हो कि श्री वास्कले का मप्र शासन की स्थानांतरण नीति के तहत उनका तबादला संभागीय जनसंपर्क कार्यालय इंदौर स्थानांतरण किया गया है। डीपीआरओ श्री वास्कले के इंदौर स्थानांतरण के बाद अब जिला जनसंपर्क कार्यालय बालाघाट की कमान पीआरओ श्री अनिल पटले संभालेंगे। वे सम्भवतः सोमवार को पदभार ग्रहण करेंगे।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE • B.Sc. (Hons.)Ag. • B.Tech (Agril) Engg. • M.Sc. (Ag.) AGRONOMY HORTICULTURE ABM
PARAMEDICAL BPT | BMLT BHN | DMLT | DXRT D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION BCA | MCA B.SC. | M.SC. DCA | PGDCA
COMMERCE • B.Com • M.Com
NURSING GNM | B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111

Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & DTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. 4 Year Degree Course JEE / 12th (PCM) Pass & Polytechnic 3 Year Degree Course 10th (PCM) Pass
कम्प्यूटर साइंस माईनिंग सिविल इलेक्ट्रिकल मैकेनिकल
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.) 9425836824, 6262604111 Web : www.satpudaengineeringcollege.com